# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**क्रमांक:-राराशैअप्रप/उदय/प्र-6/ WFH /2020/** विविध-101 **दिनांक:- 01/05/20**

**मुख्य जिला अधिकारी एवं**
**पदेन जिला परियोजना समन्वयक,**
**समग्र शिक्षा**
**समस्त जिले, राजस्थान**

**प्राचार्य डाइट**
**समस्त जिले, राजस्थान**

विषय :- '**हवामहल**' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों व् शिक्षको तक सहायक सामग्री की पहुँच सुनिश्चित करने के सन्दर्भ में |

COVID-19 की स्थिति के तहत और शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा लिए गए निर्णयानुसार तकनीकी नवाचारों के माध्यम से ऑन लाइन प्लेटफ़ॉर्म/ अन्य तकनिको का उपयोग करते हुए बच्चों तक शिक्षा की पंहुच सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं|

राजस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों के हित में शैक्षिक एवं सह शैक्षिक उन्नयन के प्रयोजनार्थ परिषद द्वारा कई कार्यक्रम/ गतिविधियां आयोजित की जाती रही है|

वर्तमान में कोरोना संक्रमण के कारण लाक डाउन परिस्थिति के दृष्टिगत विद्यालयों के बंद होने के कारण विद्यार्थियों को घर बैठे शैक्षिक एवं सह शैक्षिक सामग्री उपलब्ध करवाने के हेतु समग्र शिक्षा, परिषद एवं माध्यमिक/प्रारम्भिक निदेशालय के संयुक्त प्रयासों से SMILE (Social Media interface for Learning Engagement) के तहत सामग्री का प्रतिदिन विभिन्न माध्यमों से पहुँच सुनिश्चित की जा रही है|

इसके साथ ही परिषद द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से एक कार्यक्रम **हवामहल** के नाम से बनाया जाकर उसका टेम्प्लेट तैयार कर विध्यार्थियों (पूर्व-प्राथमिक - उच्च माध्यमिक) एवं शिक्षकों पहुँच सुनिश्चित की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सीखने- सिखाने की प्रक्रिया को रोचक एवं रचनात्मक बनाने का प्रयास किया जा रहा है| इस कार्यक्रम का उद्देश्य कहानी व् अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से बच्चो के लर्निंग गेप दूर करना है वैसे तो वर्तमान में 'SMILE ' प्रोजेक्ट के तहत विद्यार्थियों के लिए कक्षा व् विषयानुसार वीडियो शेयर किये जा रहे है इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए RSCERT द्वारा **'हवामहल'** प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों की लर्निंग को कहानियो के माध्यम से ज्यादा रोचक बनाते हुए उच्च चिंतन कौशल को बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा साथ ही शिक्षको के क्षमता संवर्धन हेतु आलेख व् सहायक सामग्री शेयर की जायेगी |


हवामहल कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नानुसार निर्देशित करते हुए जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के संदर्भ में विस्तृत विवरण देते हुए निर्देशित किया जाता है कि आप जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर निर्धारित कार्यों को समय पूर्वक सम्पादन सुनिश्चित करेंगे ताकि बच्चों के सीखने सिखाने में सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके |

**प्रक्रिया** - इस कार्यक्रम के तहत जिले /ब्लॉक /पंचायत स्तर पर whatsapp की सहायता से कहानियो के वीडियो /ऑडियो, PDF तथा अभ्यास पत्रक शेयर किये जायेंगे साथ ही शिक्षको के लिए भी गतिविधिया साझा की जाएँगी | ये सामग्री एक लिंक के द्वारा whatsapp ग्रुप के माध्यम से समुदाय तक साझा की जानी है| इस कार्य में शिक्षा में कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाये जैसे - पीरामल फाउंडेशन फॉर एजुकेशन लीडरशिप, टाटा ट्रस्ट्स, सेन्टर फ़ॉर माइक्रोफाइनेंस, अजीमप्रेमजी फाउंडेशन, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, यूनिसेफ आदि शामिल होकर RSCERT को सहयोग प्रदान कर रही है |

www.rajteachers.com

**सामग्री साझा करने की अवधि** - सप्ताह में 1 दिन (शनिवार )

**कार्य रणनीति-** इस कार्यक्रम की विद्यार्थियों एवं शिक्षकों तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु समस्त स्तर पर एक साथ प्रयास निम्नानुसार किये जायेंगे|




**जिला/ब्लॉक /पंचायत लेवल शिक्षा अधिकारी की भूमिका -**

| Stakeholder | Roles and Responsibilities |
|---|---|
| CDEO | • ब्लॉक शिक्षा पदाधिकारियों के लिए आदेश प्रसारित करना ·<br>• ब्लॉक स्तरीय SMILE मंच के माध्यम से सामग्री की पहुँच सुनिश्चित करना<br>• CBEO के साथ फोलो अप व् समीक्षा कॉल करना \|<br>• मासिक आधार पर फीडबैक प्राप्त करना करना\| |
| DIET Principals | • संकाय सदस्यों के बीच ब्लॉक जिम्मेदारी का विभाजन<br>• फोलो अप के लिए संकाय सदस्यों के साथ ब्लॉक वार KRPs को शामिल करना \|<br>• तय चैनलों के माध्यम से सामग्री की पहुँच सुनिश्चित करना\|<br>• मासिक आधार पर फीडबैक प्राप्त करना \| |

www.rajteachers.com

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

| | |
|---|---|
| | • ACBEO / PEEO / RP के साथ मासिक प्रगति,फोलो अप की समीक्षा करना।<br>• मासिक आधार पर फीडबैक फॉर्म प्राप्त कर जिला स्तर पर शेयर करना। |
| PEEO | • उपयुक्त चैनलों के माध्यम से सामग्री की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु एचएम और शिक्षकों के साथ फोलो अप कॉल व् समन्वयन<br>• प्रभावी अध्ययन के लिए माता-पिता को रैंडम कॉल<br>• मासिक आधार पर फीडबैक फॉर्म प्राप्त करना व् ब्लॉक स्तर पर साझा करना। |
| HM/ Teachers | • लर्निंग मटेरियल को समुदाय सदस्यों/ अभिभावकों के साथ साझा करना और उस पर बातचीत करना।<br>• माता-पिता के साथ फीडबैक व् सहयोग हेतु कॉल करना।<br>• मासिक आधार पर फीडबैक फॉर्म भरकर PEEO के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर भेजना। |
| NGOs (Piramal Foundation for Education Leadership, Azim premji Foundation, Tata Trusts, Centre for micoFinance, Pratham Education Foundation) | • RSCERT को सामग्री निर्माण में सहयोग करना<br>• जिले /ब्लॉक /पंचायत स्तर के सहयोगी सदस्यों के साथ समुदाय में बच्चो व् शिक्षको तक सहायक सामग्री की पहुँच सुनिश्चित करने में सहयोग करना। |

विद्यार्थियों के सीखने को सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हवामहल कार्यक्रम के संदर्भ में उपरोक्त सूचनाये जारी करते हुए सम्बंधित सभी को निर्देशित किया जाता है कि वे स्वयं के आवंटित कार्य को दिये गये निर्देशानुसार किया जाना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम के सन्दर्भ में किसी अन्य प्रकार की जानकारी हेतु दूरभाष पर संपर्क कर स्पष्टता प्राप्त कर सकते है।

उपनिदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

क्रमांक:-राराशैअप्रप/उदय/प्र-6/ WFH /2020/ विविध-1 दिनांक:- 01/05/20

www.rajteachers.com